**खबर संक्षेप**

## नवागत सीईओ को भेंट स्वरूप मिला जीवनदायक पौधा

**निवास।** जनपद पंचायत निवास में नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्रीमती श्रद्धा चौबे सोनी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही जनपद कार्यालय परिसर में पंचायत सचिव संघ, रोजगार सहायक संघ एवं जनपद के कर्मचारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष मनोहर मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष श्री पिटानिया, रामगोपाल वरकड़े एवं रोजगार सहायक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्री मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्रीमती श्रद्धा चौबे सोनी का अभिनंदन किया तथा उन्हें नए दायित्व की शुभकामनाएं दीं। विशेष बात यह रही कि समारोह में पर्यावरण संरक्षण के संदेश को ध्यान में रखते हुए श्रीमती श्रद्धा चौबे सोनी को जीवनदायक पौधा भेंट स्वरूप दिया गया, जो स्वागत की परंपरा में एक हरित और सकारात्मक पहल के रूप में सराहा गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू कुलस्ते, उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी सहित जनपद पंचायत सदस्यों के साथ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और नए सीईओ के साथ समन्वय और विकास के संकल्प को दोहराया।

## रोटरी मंडला को मिली बड़ी जिम्मेदारी, संजय तिवारी और अजय खोत को मिला नेतृत्व

**मण्डला।** रोटरी इंटरनेशनल, जिसने पहले पोलियो मुक्त विश्व के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है, अब अपने आगामी प्रोजेक्ट्स में साक्षरता और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करते हुए वैश्विक बदलाव की दिशा में अग्रसर है। इसी क्रम में मंडला जिले के लिए यह हर्ष और गर्व का विषय है कि रोटरी मंडला के सक्रिय सदस्य संजय तिवारी को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के क्षेत्र शामिल हैं की पर्यावरण समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। साथ ही रोटेरियन अजय खोत को जिला साक्षरता समिति का को-चेयरमैन बनाए जाने की घोषणा की गई है। इन नियुक्तियों से स्पष्ट होता है कि रोटरी मंडला सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। पर्यावरण संरक्षण और साक्षरता जैसे ज्वलंत विषयों पर मंडला से यह नेतृत्व न सिर्फ जिले बल्कि पूरे डिस्ट्रिक्ट 3261 को एक नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।रोटरी मंडला परिवार ने दोनों रोटेरियनों को शुभकामनाएं देते हुए यह आशा व्यक्त की है कि उनके कुशल नेतृत्व में पर्यावरण और साक्षरता से जुड़े कार्यों में सार्थक और प्रभावशाली पहलें देखने को मिलेंगी।

### स्मार्ट मीटर की अर्थी निकालकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

# जनता का आर्थिक शोषण कर रही सरकार-पट्टा







*** अन्य मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के विरोध में कांग्रेस पार्टी अब सड़क पर आ गई है। शुक्रवार को बिछिया मुख्यालय में विधायक नारायण सिंह पट्टा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसियों ने स्मार्ट मीटर की अर्थी निकाली और मुख्य मार्ग से शवयात्रा ले जाते हुए बिजली ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। इसके साथ ही किसानों को खाद नहीं मिलने, जर्जर स्वास्थ्य सेवाओं एवं नगर परिषद बिछिया के दैनिक वेतन कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिलने की समस्या को लेकर भी प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अब जनता को सीधे लूटने का काम कर रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर निजी कम्पनियो को फायदा पहुँचाने के लिए आम जनता का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। कम्पनी के लोग जबरन घरों में स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं जबकि सुप्रीम कोर्ट ने तक सहमति लेकर लगाने के निर्देश दिए हैं वहीं बिजली बिल की बात करें तो जिनका बिल सौ दो सौ या पांच सौ आता था अब उनका बिल हजारों में आ रहा है। ये एक तरह की संगठित लूट है जिसे भाजपा सरकार अंजाम दे रही है। प्रदेश में खाद का संकट बना हुआ है और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जो वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री हैं वे भी प्रदेश के खाद संकट को ख़त्म नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने जून के महीने में खाद के परमिट कटा लिए हैं लेकिन आजतक उन्हें खाद नहीं मिली है। व्यापारियों के गोदामों में खाद भरी पड़ी है लेकिन सरकारी गोदाम खाली हैं सरकार किसानों को व्यापारियों से औने पौने दामों में खाद खरीदने के लिए मजबूर कर रही है और किसानों का आर्थिक शोषण करवा रही है। हाल ही में जिले में हुई अतिवृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है लेकिन आजतक न तो सर्वे कराये गए न ही मुआवजा दिया गया, हमारा किसान भाई परेशान है और सरकार सो रही है। इसी तरह नगर परिषद भुआ बिछिया के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों व श्रमिकों को पिछले चार महीने से वेतन मानदेय नहीं मिला है लेकिन उनकी भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जनता का हाल बेहाल है लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार सो रही है। इसलिए आज हम इस मरणासन्न सरकार की अर्थी बनाकर शव यात्रा निकाल रहे हैं जबतक जनता के अधिकार उन्हें नहीं मिल जाते और उनका शोषण बंद नहीं हो जाता तबतक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। आने वाले दिनों में हम और भी उग्र प्रदर्शन करेंगे।

इस दौरान बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, जिला महामंत्री समीर राठौर, वरिष्ठ कांग्रेसी जोशसिंह ठाकुर, अशोक ज्योतिषी,ब्लॉक अध्यक्ष रामभजन पटेल, अशोक राजपूत, समीर झा, रागनी परते, मेवा धुर्वे, अजय कुशराम, रणधीर राजपूत, टेकराम राय, जनपद अध्यक्ष शकुना उइके, सरस्वती धुर्वे, दादा विश्वकर्मा, अरुण पांडे, सोनू साहू, अमन राजपूत, उमेश पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।




## अमल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



*** विद्यार्थियों ने लिया दायित्व निभाने का संकल्प।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अमल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में 18 जुलाई 2025 को प्रातः 9:30 बजे नव शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर लक्ष्मी चंद्र बिसेन की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना नृत्य के साथ हुई। इसके पश्चात नवगठित छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी से कार्य करने की शपथ ली। विद्यार्थियों को विधिवत रूप से पदभार सौंपा गया। इस आयोजन को प्राचार्य सिस्टर निर्मल मरिया और मैनेजर सिस्टर लिस्सी की विशेष उपस्थिति ने आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक सत्र 2024–25 में स्टेट रैंक एवं डिस्ट्रिक्ट रैंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भव्य रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय बैंड की भावपूर्ण प्रस्तुति, प्रेरणादायक गीत, हेड बॉय का प्रेरक भाषण और हेड गर्ल का धन्यवाद भाषण समारोह की प्रमुख आकर्षण रहे। इन प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों को गहराई से प्रभावित किया। मुख्य अतिथि एस.आई. लक्ष्मी चंद्र बिसेन ने अपने संदेश में नशा मुक्ति, यातायात नियमों का पालन, भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम और माता-पिता के प्रति सम्मान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की गूंज के साथ हुआ, जिसने उपस्थित सभी लोगों के मन में देशभक्ति की भावना को और भी प्रबल कर दिया। समारोह ने न केवल छात्रों में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि समाज के प्रति उनकी जागरूकता को भी नई दिशा दी।



## सुभाष वार्ड में जलभराव से परेशान नागरिकों ने नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर पालिका क्षेत्र के सुभाष वार्ड, दुर्गा मंदिर के सामने स्थित क्षेत्र में वर्षा ऋतु के दौरान लगातार जलभराव की गंभीर समस्या से परेशान होकर वार्डवासियों ने नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि विगत 10-15 वर्षों से इस क्षेत्र में बरसात के दौरान सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। नालियों की क्षमता अपर्याप्त होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर घरों में घुस जाता है, जिससे घरेलू सामान को नुकसान पहुँचता है।

वार्डवासियों का कहना है कि यह क्षेत्र नगर की मुख्य सड़कों– बिनेका के खेत, मेन रोड, कृषि मंडी आदि– से जल निकासी मार्ग होने के कारण भारी मात्रा में पानी यहीं आकर एकत्र हो जाता है। परंतु नालियों की चौड़ाई और गहराई पर्याप्त न होने की वजह से जल निकासी बाधित हो जाती है, जिससे जलभराव के साथ दुर्गंध, मच्छर, कीड़े, सांप और अन्य जीव-जंतुओं की समस्या उत्पन्न हो रही है। निवासियों ने यह भी बताया कि पूर्व में नगर पालिका को इस समस्या की कई बार जानकारी दी जा चुकी है। नगरपालिका चुनाव से पूर्व नाले के निर्माण कार्य की स्वीकृति भी मिल गई थी तथा कुछ समय के लिए कार्य प्रारंभ हुआ, लेकिन कुछ ही दिनों में काम बंद कर दिया गया और आज तक दोबारा शुरू नहीं हो सका।

वार्डवासियों ने बताया कि नालियों का प्रवाह उल्टी दिशा में होने के कारण भी जल निकासी बाधित होती है, और नालियाँ अत्यंत संकरी हैं। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति भी समस्या को बढ़ा रही है, क्योंकि दोनों ओर की सड़कों की ऊँचाई अधिक है और बीच का क्षेत्र नीचा बैठा हुआ है, जिससे वर्षा का पानी वहीं भर जाता है। स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि बारिश के दौरान जब कोई फोर व्हीलर तेज गति से निकलता है, तो सड़क पर जमा पानी तेज लहर के रूप में घरों तक पहुँचता है और नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों ने नगर पालिका से अनुरोध किया है कि इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए तथा जल्द से जल्द अधूरा नाला निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही, जल निकासी को व्यवस्थित करने हेतु तकनीकी रूप से उपयुक्त समाधान लागू किया जाए, जिससे नागरिकों को राहत मिल सके।

## शिक्षक नहीं, समाज सुधारकः दाढ़ी भानपुर के अतिथि शिक्षक की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



जब समाज में कोई व्यक्ति अपने दायित्व से आगे बढ़कर जनहित के कार्य करता है, तो वह केवल एक कर्म नहीं, बल्कि प्रेरणा की मिसाल बन जाता है। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया है मंडला जिले के एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दाढ़ी भानपुर से, जहां एक अतिथि शिक्षक ने केवल कक्षा तक ही सीमित रहकर बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य नहीं किया, बल्कि समाज सेवा का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

हाल ही में उस विद्यालय मार्ग में एक गड्ढा, जो लगातार वर्षा के चलते जानलेवा रूप ले चुका था, जिससे स्कूली बच्चों, साइकिल सवारों और आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था उसे उक्त अतिथि शिक्षक ने स्वयं पहल करके अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भर दिया।

बिना किसी सरकारी आदेश या अनुदान के, केवल समाजहित और मानवीय जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित होकर यह कार्य किया गया। इस कार्य में उनका साथ देने वाले ग्रामवासी भी सराहना के पात्र हैं, जिन्होंने यह साबित किया कि बदलाव सरकार का इंतज़ार किए बिना भी शुरू हो सकता है।

इस तरह की पहलें दर्शाती हैं कि शिक्षक केवल शिक्षा का माध्यम नहीं, समाज निर्माण के सशक्त स्तंभ भी होते हैं। आज जब समाज में लोग अपने-अपने दायरे में सीमित होते जा रहे हैं, ऐसे में यह कार्य युवाओं और अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

यह कार्य न केवल स्थानीय पंचायत को आईना दिखाता है, बल्कि एक संदेश भी देता है कि यदि हर नागरिक अपने स्तर पर छोटी-छोटी जिम्मेदारियां उठाए, तो गांव, नगर और देश की तस्वीर स्वतः बदल सकती है।

**कार्यवाही** | **स्कूलों में हो रही चोरियों का मंडला पुलिस द्वारा खुलासा।**

# स्कूलों में चोरी करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

*** कार सहित लगभग 13 लाख का मशरूका बरामद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्कूलों को निशाना बनाकर गैस सिलेंडर, टीवी, बैटरियाँ, प्रिंटर, कंप्यूटर आदि सामग्री चोरी किए जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। अज्ञात आरोपियों द्वारा सुनसान और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को चिन्हित कर इन वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था।

उक्त प्रकरणों के शीघ्र खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था। टीमें लगातार संदिग्धों की पतासाजी एवं सूचनाओं के आधार पर कार्य कर रही थीं। जांच के दौरान पुलिस टीम को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीओपी नैनपुर एवं एसडीओपी मंडला के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें चौकी प्रभारी टाटरी, थाना प्रभारी महाराजपुर, थाना कोतवाली मंडला की टीम शामिल रहे – द्वारा कार्यवाही कर घटना को अंजाम देने वाले 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### पूछताछ में खुलासा

आरोपियों ने अब तक की पूछताछ में मंडला जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 19 चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। चौकी टाटरी, थाना बम्हनी बंजर व चौकी अंजनीया के 01-01 प्रकरण, थाना कोतवाली मंडला के 02 प्रकरण थाना महाराजपुर 11 प्रकरण, चौकी पिंडरई के 03 प्रकरण शामिल है।

### वारदात का तरीका

आरोपियों द्वारा कार से भ्रमण करते हुए सुनसान स्कूल भवनों को चिन्हित कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता एवं चोरी की गई सामग्री में घरेलू गैस सिलेंडर प्रमुखता से शामिल थे, जिन्हें गैस हॉकर्स को अवैध रूप से बेचा जाता था। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी औने-पौने दामों में बाजार में खपाया जाता था। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के निशानदेही पर गैस हॉकर्स से चोरी किया गया गैस सिलेन्डर, इलेक्ट्रिक कार्य करने वाले से चोरी का टीव्ही व अन्य सामान एवं आरोपियों द्वारा अलग अलग जगह पर रखा गया सामान जब्त किया गया है। प्रकरण में चोरी का सामान खरीदने व उसे ठिकाने लगाने वाले उक्त दोनों व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है।

### जप्त सामाग्री

पुलिस टीम के द्वारा उक्त मामले में चोरी की गई सामाग्री 32 गैस सिलेंडर, 07 टेलीविज़न, 03 प्रिंटर, 23 बैटरियाँ, 01 कंप्यूटर-सीपीयू (की-बोर्ड सहित), यूपीएस, 01 इंडक्शन चूल्हा, बर्तन एवं घटना में प्रयुक्त अल्टो कार पुलिस टीम द्वारा जब्त किया गया। आरोपियों से जिले एवं अन्य सीमावर्ती जिलों में इस तरह की और भी मामलों की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

## क्षतिग्रस्त पुल पुलियों में नहीं बनाए गए डायवर्सन से यात्री स्कूल के छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी



*** सौंपा गया ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

दिनांक 18/7/2025 दिन शुक्रवार को जबलपुर रायपुर नेशनल रोड शर्मा होटल से मवई मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही की जा रही है जहां पर पुल पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है वहां किसी तरह डायवर्सन नहीं बनाया गया है और रोड में बड़ी-बड़ी गिट्टी डाल दी गई है और कार्य बंद कर दिया गया है जिसमें टिकरिया कुडैला बाघंडी खैरी के छात्र-छात्राओं को घोंटा स्कूल आने-जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जबकि केजी 1 से 12वीं तक के स्कूल ग्राम घोंटा में संचालित है पुलिया में डायवर्सन ना होने के कारण 20 से 25 ग्राम के नागरिकों एवं राहगीरों को सिझोरा बिछिया आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि ग्राम के लोगों का बैंक एवं अस्पताल के वगैरा सभी कार्य सिझोरा बिछिया में ही होता है क्षेत्र की समस्या को देखते हुए बिछिया भाजपा मंडल के महामंत्री नरेश राजपूत मवई भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद मानिकपुरी बिछिया मंडल मंत्री रुदन झारिया भाजपा युवा नेता पिंटू साहू पूर्व जनपद सदस्य कमल सिंह पट्टा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता खेमकरण पणवार अकल दास निहाल साहू राजेंद्र मौगरे रवि टांडिया विवेक टांडिया किशोर मगरे सुमित एवं अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया जिला मंडला को ज्ञापन स्वरूप आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें अनुविभागी अधिकारी राजस्व शिक्षा के द्वारा शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन में आयोजित हुई प्रधान पाठकों की बैठक



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय कन्या नवीन विद्यालय में बीते हुये दिवस साईंखेड़ा विकास खंड के जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले प्रधान पाठको की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक में बी आर सी साईखेड़ा संदीप स्थापक ने सभी विद्यालयों में इको क्लब का गठन कर पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने , एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करना के साथ साथ चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों का सर्वे करना , गणवेश हेतु छात्रों के बैंक खाते एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपडेट करने , एफ एल एन मेला का आयोजन, मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना , एफ एल एन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिये गये। वही बैठक में उन्होंने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने ,शाला संचालन में नियमितता, नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के फॉर्म भरने, मैपिंग प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर कार्य संबंधी चर्चा की।

# कठौतिया सीरेगांव के जान जोखिम में डालकर लकड़ी के भरोसे पार कर रही छात्रायें






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि सरकार द्वारा विकास के नाम पर तो खर्च हो रही है। मगर विभाग की अनदेखी के चलते निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा जिस तरह से कार्य को अंजाम दिया जाता है उसका परिणाम है कि वह निर्माण कार्य अपना एक जन्म दिन मनाने के पहले ही अपनी गुणवत्ता की सच्चाई उजागर करने से नही चूकता है..? वही दूसरी ओर एजेंसियों द्वारा जिस गति से निर्माण कार्यो को अंजाम दिया जाता है उसके चलते क्षेत्र की जनता को परेशान होने के लिये मजबूर होना पड़ता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कठौतिया व सीरेगांव के बीच बनाये जा रहे सिंघला नाले की पुल को देखते हुये जान पड़ रही है। बताया जाता है कि गाडरवारा से



बारहाबड़ा तक सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद जब निर्माण की आधार शिला रखी गई थी तो अनुमान लग रहा था कि इस सड़क व पुल पुलियों का निर्माण कार्य बारिश का सीजन आने के पहले ही पूर्ण हो जावेगा। मगर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस गति से कार्य किया जा रहा है उसके चलते क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि गाडरवारा बारहाबड़ा की ओर जाने वाले इस मार्ग पर ग्राम कठौतिया व सीरेगांव के बीच पढ़ने वाले सिंघला नाले पर जिस तरह पुलिया का निर्माण किया जा रहा है उसके चलते यहां का आगमन पूर्णरूप से बंद पड़ा हुआ देखा जा रहा है। नियम के अनुसार बताया जाता है कि जब किसी कंपनी द्वारा इस तरह मुख्य मार्ग पर कोई निर्माण कार्य किया जाता है तो वहा से आम लोगों को निकलने के लिये वैकाल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाती है। मगर यहां पर किसी तरह से कोई मार्ग नही होने के चलते ग्राम सीरेगांव, इमलिया, पिपरिया, भमका, ढुरसरू, ढुरूसरी, बारहाबड़ा सहित अन्य गांवों के लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। इसमें सबसे अधिक परेशानी का सामना उन छात्राओं को करते हुये देखा जा रहा है। जो अपने गांव से शासकीय हाई स्कूल कठौतिया या फिर गाडरवारा पढ़ाई करने के लिये आती है। क्योंकि यह नाला जंगल क्षेत्र से जुडा होने के चलते इसमें पानी की मात्रा अधिक रहती है। मगर पुल के निर्माण कार्य के दौरान किसी तरह से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा आने जाने वाले लोगों को वैकल्पिक रूप से किसी सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था नही किये जाने का परिणाम है कि छात्राओं को अपनी जान जोखिम में डालते हुये नाले को लकड़ी की बल्ली के भरोसे पार करते देखा जा रहा है। बताया जाता है कि यदि यह छात्रा इस तरह अपनी जान को जोखिम में डालकर नाले को पार न करे तो अपनी शिक्षा से बंचित हो जावेगी। क्योंकि ग्राम इमालिया पिपरिया सहित अन्य गांवों के लिये कठौतिया पहुंचने के लिये यह एक मात्र मार्ग होने के चलते छात्र छात्राओं को अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये पार करने की मजबूरी बन चुकी है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह पार करने के दौरान कोई घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा..? इस तरह अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये स्कूल पहुंच रही छात्र छात्राओं की मजबूरी की ओर न तो क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों द्वारा जिसका परिणाम है कि निर्माण कार्य जिस गति से चलते हुये देखा जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि पुल के निर्माण कार्य को पूर्ण होने में वर्षो का समय लग सकता है..? इस तरह धीमी गति से चल रहे पुल के निर्माण कार्य के चलते इन गांवों के लोगों के रोजगार कार्य सहित किसानों के कार्य भी प्रभावित होने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि यहां के अनेक गांवों के लिये सब्जी का धंधा करते है जो प्रतिदिन अपनी सब्जी तोड़कर गाडरवारा विक्रय करने के लिये जाते है। मगर पुल का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण उन्हें गाडरवारा पहुंचने में परेशानियों का सामना करने के कारण उनकी रोजी रोटी प्रभावित होते हुये भी देखी जा रही है।

# हरदा में करणी सेना के साथ घटित हुई घटना को विरोध करते हुये राजपूत क्षत्रिय सभा ने सौंपा ज्ञापन, सर्व समाज के लोगों ने शामिल होकर की निंदा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शुक्रवार को स्थानीय राजपूत क्षत्रिय सभा के आह्वान पर सर्व समाज व करणी सेना परिवार ने नगर के पलोटन गंज स्थित शक्ति धाम परिसर में एकत्रित होकर हरदा जिले में करणी सेना के बच्चों पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठी चार्ज का विरोध प्रदर्शन करते हुये घटना की निंदा की गई। बताया जाता है कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पलोटन गंज से जुलूस के साथ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के नाम एसडीओपी रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक को ज्ञापन सौंपा।

सौपे गये ज्ञापन की मांग की गई कि जिला हरदा में करणी सेना के बच्चों पर बर्बरता पूर्वक किए गए लाठी चार्ज की उच्च स्तरीय जांच की जाए तथा दोषी पुलिस कर्मचारियों पर कानूनी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। वही गिरफ्तार किए गए करणी सेना के व्यक्तियों पर दर्ज झूठे प्रकरणों को रद्द किया जावे। इस तरह भविष्य में बिना जांच किए झूठे प्रकरण पुलिस द्वारा न बनाए जाएं। राजपूत क्षत्रिय



सभा अध्यक्ष अभिषेक बड़कुर ने हरदा में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि सर्व समाज ने मिलकर एकता का परिचय देकर ज्ञापन प्रदर्शन में शामिल होकर अन्याय का विरोध किया और न्याय की मांग की है । ज्ञापन का वाचन करणी सेना परिवार जिला अध्यक्ष अमित राज सिंह ने किया गया। सर्व समाज से रत्नेश मिश्रा, युवा कौरव सभा अध्यक्ष अभिषेक कौरव , राजपूत समाज से आनंद राजपूत, करणी सेना परिवार तहसील अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने विरोध जताते हुए कहा कि हरदा में करणी सेना संवैधानिक तरीके से नियम के तहत प्रदर्शन कर रही थी। लेकिन पुलिस को नागवारा गुजरा और उन्होंने बलपूर्वक निर्दोषों पर लाठियां बरसाकर उन्हें जेल भेज दिया । इस अन्याय पूर्ण घटना का आज हम सभी लोग विरोध करते हैं । राजपूत क्षत्रिय सभा व सर्व समाज ने बताया कि हरदा में पुलिस प्रशासन द्वारा करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर किया गया लाठी चार्ज निंदनीय है। पुलिस द्वारा किये गये लाठी चार्ज में मासूम बच्चों को चोटें आईं और अनेक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए है। करणी सेना परिवार और सर्व समाज पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की घोर निंदा करते हैं। अगर ज्ञापन पर जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो राजपूत क्षत्रिय सभा को उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन देते समय राजपूत समाज के वरिष्ठ अशोक राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, जनपद अध्यक्ष छत्रपाल सिंह राजपूत, कमल सिंह राजपूत, राष्ट्रवादी किसान आर्मी से प्रतीक शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, कमलेश अग्रवाल, बृजमोहन कौरव, रोहित ढिमोले, आशीष राजपूत , राजपूत क्षत्रिय सभा उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत, कृष्ण पाल सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत, ठाकुर रणजीत सिंह राजपूत, सचिव शुभम सिंह राजपूत, अवधेश राजपूत, छोटे राजा राजपूत, नीलेश साहू सहित राजपुत समाज व सर्व समाज की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



# मूंग खरीदी की व्यवस्थाये बनाये जाने के चलते अधिकारियों ने आम लोगों की जिन्दगी को किया नजरअंदाज


**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शहर से कामती की ओर जाने वाले यह मार्ग राष्ट्रीय स्तर का होने के चलते जहां हर घंटे इस मार्ग से सैकड़ो की संख्या में छोटे व बड़े वाहनों की धूम मची हुई देखी जाती है। वही दूसरी ओर आस पास के सैकड़ो गांवो के लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से गाडरवारा आना जाना करते हुये देखे जाते है। मगर इस समय इस मार्ग पर के दोनों ओर जिस तरह भारी वाहनों की लाईने लगी हुई



देखी जा रही है वह निश्चित तौर किसी मौत का सायरन बजाने से नही चूक रही है..? क्योंकि यहां से प्रतिदिन ग्रामीण जहां गाडरवारा तहसील, कचहरी, नौकरी सहित अन्य कार्यो के लिये पहुंचते है तो दूसरी ओर इसी मार्ग से क्षेत्र के गांवों के छात्र छात्राये स्कूटी सहित साइकिलों से पढ़ाई करने के लिये आती है। मगर यहां पर सड़क के दोनों ओर भारी भरकम ट्राला व डम्फरों की जिस प्रकार से लाईन लगी हुई उसके चलते बड़ी घटना घटित होने की संभावना को बल देते हुये देखी जा रही है। इस सच्चाई को सोशल मीडिया से लेकर अखबरों द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद भी जिस तरह अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते ऐसा लगने लगा है कि शायद शासन प्रशासन में बैठे हुये जिम्मेदारों की निंद्रा किसी बड़ी घटना के बाद ही भंग होगी..? इस समय चल रहे शासन के समर्थन मूल्य मूंग खरीदी कार्य को लेकर संपूर्ण प्रशासन तंत्र उसी व्यवस्था में लगा हुआ देखा जा रहा है। मगर इस तरह मासूमों छात्र छात्राओं सहित क्षेत्रवासियों की जिन्दगी को खतरें की घंटी बजा रही इस सच्चाई को जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? ऐसा नही है कि शहर के समीप राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर खड़े हुये इन भारी भरकम वाहनों की सच्चाई से जिम्मेदार अधिकारी अनजान है। क्योंकि मूंग खरीदी केन्द्रो का निरीक्षण करने के लिये प्रतिदिन स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को इस मार्ग से निकलते हुये इस माजरे को अपनी आंखों से देखते हुये अनजान किया जा रहा है..? बताया जाता है कि यह डम्फर व ट्राला एनटीपीसी में राख का परिवहन करने व बीएलए में कोयला परिवहन करने के लिये अन्य प्रांतों से आये हुये है जिन्हें बारिश के दौरान परिवहन कार्य बंद होने के कारण सड़क के दोनों ओर खड़ा करते हुये सड़क की पटरियों पर अघोषित रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है जो क्षेत्र के लोगों की जिन्दगी को खतरें में डालने से नही चूक रहे है..? मगर इस सच्चाई को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी गई जावे या फिर चुप्पी के चलते वाहन चालको व मालिकों के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में गाडरवारा नगर पालिका ने संभाग से लेकर जिले में प्राप्त किया पहला स्थान










**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित ही जब किसी शासकीय संस्था में बैठे हुये जिम्मेदारों द्वारा किसी कार्य को निष्ठा व लग्न से किये जाने के दौरान आमलोगों का सहयोग मिलता है तो सफलताये अपने आप ही कदम चूमने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्थानीय नगर पालिका में देखने मिल रही है जिसने स्वच्छता सर्वेक्षण में संभाव से लेकर जिले में पहला स्थान प्राप्त करते हुये नगर का नाम रोशन किया गया है। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद गाडरवारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम में जबलपुर संभाग एवं नरसिंहपुर जिले की सभी नगर पालिकाओं 20000 से 50000 की कैटेगरी के बीच की नगर पालिकाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं ओडीएफ. स्टार रेटिंग-1 प्राप्त किया है।यह विषेष उपलब्धि नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, सभापति शुभम राजपूत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के मार्ग दर्शन में प्राप्त की गई है। इस सफलता को लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष सहित अधिकारी व सफाई विभाग से जुडी हुई टीम की नगर के लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा सर्वेक्षण 2024 की तैयारी प्रथम दिवस से ही की गई थी। जानकारी के अनुसार निकाय द्वारा सर्वेक्षण में स्वास्थ्य शाखा के सभी सफाई मित्र सुपरवाइजर एवं स्टाफ के लिए सभी को कार्य पर लगाया गया था। स्वच्छ सर्वेक्षण के समय सिटीजन फीडबैक तथा अन्य कार्यों में लगे सभी लोगों की मेहनत से ये स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के नतीजे घोषित किए गए है तो गाडरवारा शहर लगातार तीसरी बार जिले से लेकर संभाग स्तर पर सबसे साफ शहर बना है। नगर पालिका और वहां के सफाई कर्मियों ने इसके लिए काफी मेहनत की है। साथ ही नगर के आम नागरिकों ने भी स्वच्छता को लेकर जागरूकता पैदा की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की कमान स्वच्छता प्रभारी संजय श्रीवास के हाथों में सौंपी थी। जियके ख्लते उन्होंने सभी स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों को साथ में लेकर बहुत मेहनत की साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में लगे अजय बाल्मीकि, महेंद्र भार्गव स्वच्छता पर्यवेक्षक, अभिषेक शुक्ला, मनोज वाल्मीकि, अखिलेश वाल्मीकि, देवी राम गौहर, जगदीश वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, बबली वाल्मीकि, दीपक खड़ेतिया, आकाश वाल्मीकि, सुपरवाइजर एवं टेंचिंग ग्राउंड के लिए मुन्ना वाल्मिक व बीरू का विशेष सहयोग रहा। इस संबंध में जब अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में नगर में नागरिकों की सुविधा के लिये पांच डीलक्स टॉयलेट बनाये जाएंगे, जिनके टेंडर जारी हो चुके हैं। नये कचरा संग्रहण वाहनों के आने से भी निकाय को फायदा होगा। वही क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के निर्देश अनुसार शहर के बाजार क्षेत्र में यातायात आदि के सुचारू संचालन के लिये व्यवस्थित सुधार कार्य और ब्यूटीफिकेशन का कार्य किया जाएगा। जिससे की बाजार क्षेत्र स्वच्छता के साथ-साथ सुंदर दिखाई देगा। एमआरएफ सेंटर और टेचिंग ग्राउंड में बारिश के बाद सुधार कार्य किया जाएगा। अगली बार मध्य प्रदेश लेवल पर रैंक लाने के लाने के लिए नगर पालिका अपनी ताकत के साथ मेहनत करेगी। इस तरह जिले व संभाव में गौरव बन चुकी नगर पालिका परिषद गाडरवारा को लेकर जब नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि हमारी सफाई विभाग की टीम की मेहनत व नगरवासियों के सहयोग से नगर का गौरव संभाव स्तर पर बढ़ा है और अब इस प्रदेश स्तर पर ले जाने के प्रयास किये जावेगा। वही दूसरी ओर मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख का कहना है कि किसी भी कार्य में यदि आम जनता का सहयोग मिलता है तो सफलता मिलना आम बात हो जाती है। इस नगर के लोगों द्वारा जिस तरह सफाई के लिये हमारी टीम को सहयोग प्रदान किया गया उसका परिणाम है कि आज हमारी नगर पालिका गाडरवारा स्वच्छता के क्षेत्र में जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर पहले पायदाने में दिखाई दे रही है। यदि इसी तरह का भविष्य में सहयोग मिलता रहा तो प्रदेश स्तर पर पहला पायदान पाने में पीछे नही रहेगे।

# सहायक संचालक ने स्कूलों का निरीक्षण करते हुये दिये जरूरी दिशा निर्देश





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शुक्रवार को साईंखेड़ा ब्लॉक के बीईओ कार्यालय की सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने बीआरसी संदीप स्थापक के साथ क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार, नांदनेर में शासकीय उ मा विद्यालयों एवं साईंखेड़ा में सांदीपनी विद्यालय का निरीक्षण करते हुये शालेय व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इस दौरान प्रार्थना सभा एवं कक्षाओं में छात्र छात्राओं से संवाद कर उनसे पढ़ाई से जुडी जानकारी लेते हुये कहा की सभी नियमित रूप से विद्यालय आकर मन लगाकर पढ़ाई करें। वही शाला में मौजूद शिक्षकों से कहा कि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर उनके लिए निर्धारित समय सारिणी अनुसार कक्षाओं में अध्यापन कराएं। वही दूसरी ओर एक पेड़ माँ के नाम अभियान, चाइल्ड ट्रेकिंग एप्प पर सर्वे के साथ साईकिल वितरण सत्यापन, एजुकेंशन पोर्टल 3.0 एवं यूडाइस पोर्टल पर लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुये उन्होंने कहा कि जर्जर भवनो एवं कमरों में छात्र छात्राओं को न बैठायें। वही बोर्ड परीक्षाओ की तैयारी के मद्देनजर जुलाई माह से ही कार्ययोजना बनाकर बच्चों की पढ़ाई के लिये बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई। निरीक्षण के दौरान सीएसी प्रदीप मालवीय सहित विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहें।

# निजी शिक्षण संस्थाओं के प्रभारियों की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

विकासखंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में बीते हुये दिवस चीचली विकास खंड अंतर्गत आने वाले सभी अशासकीय विद्यालयो के संस्था प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई।



बताया जाता है कि उक्त बैठक में बी आर सी चीचली डी के पटेल ने सभी विद्यालयों में इको क्लब का गठन कर पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने , एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने के आलवा मैपिंग एवं प्रोफाइल अपडेशन, छात्रों के बैंक खाते एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपडेट करने, विद्यालय की परिवहन संबंधित व्यवस्था का सत्यापन चालक एवं परिचालक का रिकॉर्ड अद्यतन, पाठ्य पुस्तक इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए गये। वही बैठक में उपस्थित बीएससी अरुण दुबे तथा एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने तथा शाला संचालन में नियमितता एवं नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के फॉर्म भरने के आलवा मैपिंग प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर कार्य संबंधी चर्चा करते हुये जरूरी दिर्शा निर्देश दिये गये। वही प्रभारी एमआरसी अजय नामदेव द्वारा दिव्यांग छात्रों के यूडीआईडी कार्ड बनवाने एवं उनको मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। इस बैठक में बीएसी अरुण दुबे, एमआईएस दीपक श्रीवास्तव, लेखा पाल खुशबू ब्रिजपुरिया, अभिषेक पाराशर, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, कैलाश कहार सहित अनेक अशासकीय शालाओं के संचालकों संस्था प्रभारी मौजूद थें।

**खबर संक्षेप**

## जिले में 8.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 8.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1.5 मिली मीटर, कोतमा में 6 मिली मीटर, बिजुरी में 14.2 मिली मीटर, जैतहरी में 14.8 मिली मीटर, वेंकटनगर में 20.3 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 5.2 मिली मीटर, अमरकंटक में 2 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 3.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

## सीड योजना के तहत प्रदान की जाएगी निःशुल्क कोचिंग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासन द्वारा विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समुदाय के विद्यार्थियों के लिए सीड योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं यूपीएससी, एमपीपीएससी, आरआरबी, क्लैट, जेईई, नीट, सीएटी, सीएमएटी, एनडीए आदि की पूर्व तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। योजना के तहत निःशुल्क ऑनलाईन और रूम कोचिंग के लिए पात्र विद्यार्थी 03 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए डीएनसी, एनसी या एसएनसी श्रेणी से संबंधित ऐसे छात्र-छात्राएं जो कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर चुके हों या वर्तमान में अध्ययनरत हैं और परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रू से अधिक ना हो, वह विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थी किसी अन्य सरकारी योजना से समान लाभ प्राप्त ना कर रहे हों। कोचिंग शुल्क हेतु अधिकतम 1,20,000 रू की राशि प्रदान की जाएगी। आवेदन हेतु आवेदक के पास आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, वर्तमान क्लास का प्रमाण, पिछली कक्षा का रिजल्ट, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक और एनटी या डीएनटी प्रमाण पत्र होना जरूरी है। विद्यार्थी को वेबसाईट पर आवेदन करना होगा।

## महेन्द्र सिंह परिहार पुनः बने फुनगा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के अनुमोदन पर जिले के अनूपपुर विधानसभा अंतर्गत भाजपा मंडल फुनगा के स्थानीय भाजपा मंडल में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमे पूर्व मे भी उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके महेन्द्र सिंह परिहार को पुनः फुनगा मण्डल से उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है।

## जेवरात एवं नकदी से भरा पर्स ट्रेन में छूटा, पुलिस ने किया वापस

**हरिभूमि न्यूजः** कटनी रेल यात्रा के दौरान एक महिला यात्री का पर्स ट्रेन में छूट गया जिसमें लाखों रूपए के जेवरात एवं नकदी रूपए थे। रेलवे पुलिस की तत्परता से पर्स वापस मिल गया। मामला 29 जून 2025 का है, जब ट्रेन नंबर 13202 एलटीटी-पटना जनता एक्सप्रेस के ए-2 कोच में सफर कर रही जबलपुर निवासी एक महिला यात्री का कीमती सामान ट्रेन में छूट गया था। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर थाना क्षेत्र की रतन कॉलोनी निवासी 68 वर्षीय शशि अबरोल पत्नी बीएम अबरोल का सोने के जेवरात और नगदी से भरा पर्स ट्रेन में छूट गया था। महिला के अनुसार, पर्स में सोने की चेन, अंगूठी, कान के टॉप्स, नाक की कीलें और लगभग 5000 रूपए नकद कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई गई।

# ग्राम चाड़ा में शासकीय कन्या आश्रम और छात्रावास का एसडीएम ने किया निरीक्षण, एसएमसी गठन हेतु अभिभावकों के साथ चर्चा





**डिंडोरी।**

ग्राम चाड़ा में सभी शासकीय कन्या आश्रम और छात्रावासों का विस्तृत निरीक्षण एसडीएम राम बाबू देवांगन ने किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्रावासों की सुविधाओं, साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, और छात्राओं की शैक्षिक प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित पाए गए, जिन्होंने निरीक्षण दल को व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

निरीक्षण के बाद शासकीय कन्या आश्रम, चाड़ा में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन को लेकर अभिभावकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभिभावकों ने छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किए। एसडीएम ने अभिभावकों को एसएमसी की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया।

अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और आश्रम की बेहतरी के लिए सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को जल्द दूर किया जाएगा और एसएमसी के गठन से छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित होगा। वही प्रत्यक्षदर्शी का कहना है एसडीएम का उक्त कदम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

# बजाग तहसील में राजस्व निरीक्षकों व पटवारियों की बैठक, कार्यों की समीक्षा व समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश



**बजाग।** अनुविभागीय अधिकारी बजाग राम बाबू देवांगना द्वारा तहसील कार्यालय में राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के लिए सभी को निर्देशित किया गया। बैठक में फॉर्मर आईडी, भू-राजस्व वसूली, डायवर्शन वसूली, सीएम हेल्पलाइन, पीएम किसान स्व-पंजीकरण, और सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। एसडीएम राम बाबू देवांगना ने इन सभी कार्यों की स्थिति की समीक्षा की और लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निपटारा किया जाए और पीएम किसान योजना के तहत स्व-पंजीकरण प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त, भू-राजस्व और डायवर्शन वसूली में किसी भी प्रकार की देरी को गंभीरता से लेते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया। सीमांकन कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए गए।राम बाबू देवांगना ने सभी राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने इन निर्देशों का पालन करने और कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने का आश्वासन दिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**डिंडौरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के समस्त एएनएम, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू एवं अन्य स्वास्थ्य अमले की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों ने विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की।**



बैठक में वैक्सीनेशन दस्तक अभियान की समीक्षा की गई तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सर्पदंश से बचाव के उपायों, और उसके सही उपयोग की जानकारी भी दी गई।ग्रामों में पीने के पानी के स्त्रोतों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जल जनित बीमारियों से बचाव हो सके। कुपोषित बच्चों की निगरानी और उनके समुचित पोषण की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी अधिकारियों द्वारा दिए गए। बैठक के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। सभी स्वास्थ्य कर्मियों से समय पर रिपोर्टिंग और जनहित के कार्यों में सक्रियता की अपेक्षा की गई।

# डिंडोरी जिला के सतपाल सिंह पंद्राम और उमा वालाड़ी ने ग्रीन हब फैलोशिप किया पूरा

**डिंडोरी।**

सतपाल सिंह पंद्राम (सत्या परधान) जिला डिंडोरी के ग्राम चिचरिंगपुर से है , इन्हें कला और संस्कृति से बेहद लगाव है, वह हाल ही में ग्रीन हब फैलोशिप पूर्ण किया है, जिसमें आदिवासी युवाओं के लिए एक कार्यक्रम है जो पर्यावरण संरक्षण, सतत आजीविका और सामाजिक परिवर्तन में शामिल होने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए वीडियो को एक माध्यम के रूप में उपयोग करता है। ग्रीन हब वन्यजीव, स्वदेशी ज्ञान और जैव विविधता से संबंधित कार्यों के लिए एक युवा और समुदाय-आधारित डिजिटल संग्रह भी है।




सतपाल सिंह पंद्राम पहले समुदाय और प्राकृतिक सौंदर्यता के छोटे छोटे वीडियो बनाकर को लोगों तक पहुंचाते थे और इन सभी कामों को देखते हुए जिला प्रशासन के साथ इन्हें कॉलेब्रेशन करके काम करने का मौका मिला। साथ ही इन्हें 2023 - 24 के विधानसभा और लोक सभा चुनावों में स्वीप आइकन भी बनाया गया और सम्मानित भी किया गया है। वह राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में रहकर काम करना उनको समाज और पर्यावरण की ओर और प्रेरित किया है। वह बताते हैं कि ग्रीन हब फैलोशिप 1 साल की फैलोशिप मात्र नहीं है, इसमें युवा जुड़कर बेहतर भविष्य की कल्पना को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाते हैं चाहे वह मीडिया के माध्यम से ही क्यों ना हो । वह फैलोशिप के बाद अब समुदाय के संस्कृति और पर्यावरण के लिए काम और फ़िल्में बनाना चाहता है। उमा वालाड़ी डिंडोरी ज़िले के समनापुर से हैं। फ़िल्म निर्माण, ख़ास तौर पर सिनेमैटोग्राफी और एडिटिंग, मेरा जुनून है और मैं एक अच्छी फ़िल्म निर्माता बनना चाहती है।" और यह भी समुदाय के साथ पर्यावरण के लिए काम और फ़िल्में बनाना चाहती हैं।

**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार**

# मीडिएशन फार नेशन विशेष मध्यस्थता अभियान के संबंध में मध्यस्थता जागरूकता शिविर आयोजित

**डिंडौरी ।**

एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर जारी मेडिएशन फॉर नेशन विशेष जागरूकता अभियांन के संबंध में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय मोहम्मद सैयदुल अबरार के मुख्य अतिथ्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

उक्त शिविर में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहम्मद सैयदुल अबरार ने सम्बोधित करते हुए विशेष मध्यस्थता अभियांन के संबंध में जानकारी दी एवं उपस्थित न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक प्रकरणों को मध्यस्थता हेतु रेफर करने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रशिक्षित मध्यस्थगण को प्रकरणों में विशेष रूचि लेकर मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणां का निराकरण कराएं जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष कुमार केशरवानी द्वारा शिविर में उपस्थित अधिवक्तागण को प्रकरणो में पक्षकारो को मध्यस्थता कार्यवाही के माध्यम से निराकरण कराएं जाने हेतु प्रोत्साहित कर प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से कराए जाने का अनुरोध किया।

आयोजित शिविर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री एम.एल. राठौर, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री कमलेश सोनी, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री शिवकुमार कौशल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री रविंद्र गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गिरजेश कुमार सनोडिया, श्री आर.पी. सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमति कमला उईके न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री उत्कर्षराज सोनी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री रिया डेहरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ यू.के पटेरिया, अन्य अधिवक्तागण व पक्षकारगण उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण के विरोध में शिक्षकों ने सहायक आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**डिण्डौरी ।**

जिले में युक्तियुक्तकरण नीति के नाम पर शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी आदेशों ने शिक्षकों के बीच भारी असंतोष और भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 3 जुलाई 2025 को जारी आदेश क्रमांक /604 एवं /605 के तहत 436 शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया, जिसे शिक्षक समुदाय ने नियमों के विरुद्ध और एकतरफा बताया है।

शिक्षकों का कहना है कि शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत अतिशेष शिक्षकों का समायोजन *स्थानीय विकासखण्ड* की नजदीकी शालाओं में किया जाना चाहिए था। इसके साथ ही दिव्यांग, पति-पत्नी



एक ही स्थान पर पदस्थापना, सेवानिवृत्ति में 1 वर्ष शेष, गंभीर रोग ग्रस्त शिक्षक एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता दी जानी थी। परंतु प्रशासन द्वारा बिना काउंसलिंग और बिना अभ्यावेदन पर विचार किए स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए गए। इतना ही नहीं, 11 जुलाई 2025 को जारी छात्रावास अधीक्षक दायित्व आदेश क्रमांक /740 में भी मापदंडों की अनदेखी की गई है। नियमों के अनुसार, 3 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत अधीक्षकों का प्रभार बदला जाना था और माध्यमिक शिक्षकों को दायित्व सौंपा जाना चाहिए था। लेकिन इस आदेश में प्राथमिक शिक्षकों को अधीक्षक बना दिया गया, जिससे कई योग्य कर्मचारी उपेक्षित रह गए।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग के अंतर्गत सीवी कॉलेज में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी ।**

शासकीय पीएम श्री चंद्रविजय महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी एवं जिला नोडल अधिकारी (आरकेएसके) व डीएचओ - 2 डॉ. जयश्री मरावी के मार्गदर्शन में निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन महाविद्याल प्राचार्य डॉ. तुलसी करचाम के द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम का संचालन प्रो. ईश्वर चंद्र परणा के द्वारा किया गया

प्रो. ईश्वर चंद्र परणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि परोपकार ही परम धर्म है एवं ईश्वर उपासना है।




परोपकार करने से हमें आंतरिक खुशी की प्राप्ति होती है। कार्यशाला में जिला मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. एके वर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण एवं समस्याएं के बारे में सभी को अवगत कराया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के उपचार के बारे में सभी विद्यार्थियों को बताया। कार्यशाला में सभी का विद्यार्थियों के स्क्रीनिंग किए गए वहीं, महाविद्यालय के उमंग हेल्थ एंड वेलनेस नोडल अधिकारी डॉ. अमीर खान ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक रहना चाहिए। क्योंकि, पूरे जीवन काल में व्यक्ति कभी न कभी बीमार होता है, कही न कही हम सबको स्वास्थ्य सेवाओ की आवश्यकता होती है। इसलिए स्वास्थ्य से जुड़ी इस कार्यशाला की महत्वता की समझिए और कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थी अपना योगदान दे। जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक ओमप्रकाश उरैती ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम की गतिविधियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने उमंग युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम - 2024 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। शासकीय चंद्र विजय महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में परामर्शदाता नविता पटेल ने उमंग स्वास्थ्य क्लीनिक के अंतर्गत प्रदाय किए जाने वाले 14 प्रकार सेवाएं की विस्तारपूर्वक जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य अंतर्गत निर्मित मनहित एप्प की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 तथा उमंग हेल्प लाइन नंबर 14425 एवं जस्ट आस्क चैट बोट के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यशाला में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषिकेश सिंह एवं सीएचओ संजय उईके के द्वारा छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# सीईओं जिला पंचायत ने सार्वजनिक तालाब झिलमिला और अमरपुर का किया निरीक्षण



**डिंडोरी।**

महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायत झिलमिला और अमरपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान बनाए गए सार्वजनिक तालाब का निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने किया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री आरईएस दीपसिंह आर्मो, के साथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार नारनोरे, सहायक यंत्री सुश्री प्रियंका मार्डन मरावी, उपयंत्री मनरेगा युगल किशोर वंशपाल और सौरभ महतो उपस्थित रहे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने सीईओ जनपद पंचायत और सहायक यंत्री को निर्देशित किया कि जिले में वर्तमान में अत्यधिक वर्षा हो रही है जिसकों देखते हुये उपयंत्रियों के माध्यम से पुराने और नये बनाए गए सभी तालाबों का निरीक्षण कराये और आवश्यक होने पर वेस्टवेयर में सुधार कराना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक और सचिव को सक्रिय करते हुये अत्यधिक जल भराब होने पर सूचना प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# खनिज प्रतिष्ठान मद से उच्च प्राथमिकता वाले कराए जाएंगे विशेष कार्य

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक हुई आयोजित वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन का किया गया अनुमोदन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर व जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल के अध्यक्ष हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्याय मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खनिज प्रतिष्ठान मद वर्ष 2024-25 अंतर्गत उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज प्रतिष्ठान मद के अंतर्गत कुल 71.65 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसमें से 3 प्रतिशत राशि शासन को प्रेषित करने के पश्चात अनूपपुर जिले को शेष 69.50 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस राशि का उपयोग जिले में 120 प्रकार के विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

### यह रहे बैठक मे उपस्थित

बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, नगरपालिका पसान के अध्यक्ष रामअवध सिंह, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरिसिया, नगरपालिका बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती शहबिन पनिका, नगरपालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, नगर परिषद बरगवां की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता, नगर परिषद जैतहरी के अध्यक्ष उमंग गुप्ता, नगर परिषद डोला के उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, उप संचालक खनिज श्रीमती आशालता वैद्य सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### जल्द उपलब्ध कराएं उच्च प्राथमिकता के कार्यों का प्रस्ताव

बैठक में कलेक्टर व जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल के अध्यक्ष ने बताया कि जिले में पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति, शासकीय स्कूलों की मरम्मत, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, पुस्तकालय, बाउंड्री वॉल, भवन सुधार एवं प्रयोगशाला की स्थापना, विद्यालयों में शौचालय निर्माण तथा सड़कों का निर्माण जैसे कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में इन कार्यों का संतुलित रूप से वितरण एवं क्रियान्वयन किया जाए ताकि सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ समान रूप से मिले। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र के उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों का प्रस्ताव जल्द से जल्द तैयार कर उपलब्ध कराएं। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि खनिज प्रतिष्ठान मद से प्राप्त राशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं के विकास में किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में पुल-पुलिया, रपटा जैसे संरचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु मंच, विद्यालयों में फर्नीचर एवं शौचालय तथा आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण व मरम्मत कार्य भी आवश्यक हैं। साथ ही, विद्युतविहीन गांवों में विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जाए। राज्यमंत्री जायसवाल ने कहा कि इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार संभव होगा।

### सड़क निर्माण की मांग

बैठक में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने न्यास मंडल को अवगत कराया कि विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ के अंतर्गत 75 आंगनवाड़ी केंद्र भवन मरम्मत योग्य हैं तथा कुछ केंद्रों के लिए नवीन भवन निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने इन कार्यों को उच्च प्राथमिकता पर लेकर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

## खबर संक्षेप

### दस्तक अभियान के तहत दिया गया प्रशिक्षण



**तेंदूखेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय चावरपाठा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एस ठाकुर के आदेशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजकिशोर पटेल की उपस्थिति में दस्तक अभियान के प्रथम चरण सह स्टाप 22 जुलाई से 16सितंबर 25 तक तथा विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई से 11 अगस्त 25 तक समस्त आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें उक्त अभियान में हितग्राहियों को दी जानी वाली सेवाएं की जाने वाली एक्टिविटी की विस्तृत चर्चा की गई।दस्तक अभियान के प्रथम चरण में 0 से 5 बर्ष तक के समस्त बच्चों की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन बीमार ग्रसित बच्चे उच्च जोखिम की शीघ्र पहचान कर उन्हें शीघ्र रेफर करना लाइन लिस्टिंग परामर्श एवं उपचार कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाड़ी सत्र स्थल पर आवश्यक तैयारियां समस्त लॉजिस्टिक विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर योग्य दंपत्तियों को एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को शामिल कर ग्राम स्तरीय सास बहू सम्मेलन आयोजन किये जावे। प्रशिक्षण मे बीपीएम बीईई बीसीएम एवं प्रभारी मलेरिया निरीक्षक की उपस्थिति रही।

### स्पीड ब्रेकर ना होने से सड़कों पर बेलगाम वाहनों की जारी धमाचौकड़ी

**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव** । नगर के अधिकांश स्थानो पर रोड निर्माण के दौरान स्पीड ब्रेकर नही बनाए गए जिससे निवासी के साथ - साथ पैदल व वाहन चालको को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन चालकों को न हादसे का भय न चोटिल होने की कोई चिंता बीते कुछ महीनों से गोटेगांव के वार्डो में सड़क दुर्घटना की रफ्तार तेज हुई हैं वाहन चालक बेहद तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे सड़क पार करने वाले बच्चे व बुजुर्ग हादसों का शिकार हो जाते हैं ऐसी स्थिति में परिवार के उपर एक संकट आ जाता हैं चुकी किसी भी इलाज के लिए हर परिवार सक्षम नहीं हो पाता जिससे चोटिल परिवार को आर्थिक खर्च वहन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं इन घटनाओं का आखिर जिम्मेदार कौन शासन संबंधित अधिकारी या फिर सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार है।

### जिले में 626.4 मिमी वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 18 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 626.4 मिमी अर्थात 24.66 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 18 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 4.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 2 मिमी, गाडरवारा में 6 मिमी, गोटेगांव में 2 मिमी, करेली में 4 मिमी और तेंदूखेड़ा में 10 मिमी वर्षा आंकी गई है। 18 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 647 मिमी, गाडरवारा में 703, गोटेगांव में 580 मिमी, करेली में 566 मिमी और तेंदूखेड़ा में 636 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 207.80 मिमी अर्थात 8.18 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 180 मिमी, गाडरवारा में 258 मिमी, गोटेगांव में 260 मिमी, करेली में 132 और तेन्दूखेड़ा में 209 मिमी वर्षा हुई थी।

### अनुपस्थित पाए जाने सीएचओ की सेवा समाप्ति के निर्देश

# कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभागों के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला स्वास्थ्य समिति और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धियों की जानकारी ली।



कलेक्टर श्रीमती पटले ने गर्भवती माताओं के पंजीयन, मातृ मृत्यु दर, आरबीएसके कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण कार्यक्रम, पोषण पुर्नवास केन्द्र, परिवार कल्याण कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनीमिया मुक्ति भारत, स्वस्थ्य यकृत मिशन, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, क्षय कार्यक्रम, एनसीडी, आईडीएसपी, सिकल सेल एनीमिया आदि कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा कर मैदानी स्तर पर शतप्रतिशत कार्य किए जाने के निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्याम सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन, समस्त कार्यक्रम अधिकारी, बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

#### सीएचओ की सेवा समाप्ति के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने डॉ. अदिति धुर्वे खंड चिकित्सा अधिकारी करेली एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक करेली श्रीमती वंदना लोधी बगैर सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र हीरापुर में लगातार अनुपस्थित पाए जाने पर सीएचओ की सेवा समाप्ति की कार्यवाही हेतु नस्ति प्रस्तुत करने के लिए तथा शहरी क्षेत्र नरसिंहपुर में गर्भवती माताओं के पंजीयन कार्य कम पाये पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा रूचि लेकर कार्य नहीं करने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए नोटिस के लिए नस्ति प्रस्तुत करने के लिए कहा।



#### बैठक व सघन मॉनीटरिंग निर्देश

कलेक्टर श्रीमती पटले ने बैठक में गर्भवती माताओं के पंजीयन की जानकारी लेकर कहा कि जिन महिलाओं की आयु 18 वर्ष से कम एवं पति की आयु 21 वर्ष से कम पाए जाने पर बीएमओ ऐसे हितग्राही की लाईन लिस्टम तैयार कर महिला बाल विकास को भेजा जाए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतिदिन रिपोर्ट अनमोल पोर्टल से निकालकर भेजे एवं डाटा की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जाए। प्रति सप्ताह सेक्टर बैठक में आशा एवं ए.एन.एम. की जानकारी ली जाए। अनमोल पोर्टल पर ए.एन.एम. के माध्यम से तत्काल शतप्रतिशत एण्ट्री कराई जाए, जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं बीएमओ द्वारा की जाए। ब्लॉक स्तरीय बैठक जिले से निर्धारित कर जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा बैठक ली जाए और सघन मॉनीटरिंग की जाए।

#### लापरवाही बरतने पर मानदेय की हो कटौती

कलेक्टर श्रीमती पटले ने हाई रिस्क चिन्हांकन एवं प्रबंधन का डाटा अनमोल पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होने पर जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑफ लाईन रजिस्टर रखने और हितग्राही को दी जाने वाली सेवाओं के प्रबंधन की रिकार्ड संधारित करने के लिए कहा। साथ आगामी टी.एल. बैठक में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने मातृ मृत्यु दर की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि समस्त हाई रिस्क महिलाओं की लाईन लिस्ट तैयार कर ब्लॉक स्तर से दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की सघन मॉनीटरिंग की जाए। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता की प्रोत्साहन राशि में कटौत्री की जाए। समस्त आशा कार्यकर्ताओं द्वारा एलएमपी रजिस्टर संधारण कर गर्भवती माताओं के लगातार घर- घर जाकर की जा रही विजिट की सघन मॉनीटरिंग की जाए। जो आशा कार्यकर्ता इस कार्य में रूचि लेकर कार्य नहीं करती पाई जाती हैं, तो कार्य में सुधार के लिए नोटिस जारी करने और कार्य में सुधार नहीं होने पर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की जाए। ब्लॉक स्तर पर बीएमओ द्वारा आशा कार्यकर्ता द्वारा किए जा रहे कार्य व विजिट की मॉनीटरिंग करे और आशा डायरी बीएमओ द्वारा स्वयं चेक की जाए। आरबीएमके कार्यक्रम के अंतर्गत जिन ब्लॉक में 2 टीम होने और जिन ब्लॉक में एक ही टीम है, उन ब्लॉक में कार्य कराए जाने की कार्यवाही की जाए। दस्तक अभियान की समीक्षा कर शतप्रतिशत पोर्टल पर डिजीटाईजेशन कर मैदानी स्तर पर शतप्रतिशत कार्य कराया जाए।

# समय सीमा में करें राजस्व मामलों को निपटारा: कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व विभाग का अमला न्यायालय में आने वाले समस्त प्रकरणों को पंजीबद्ध कर निराकरण करें। जिससे राजस्व प्रकरणों का निपटारा त्रुटिपूर्वक समय में पूर्ण हो सके। आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एसडीएम नरसिंहपुर, एसडीएम गोटेगांव, एसडीएम गाडरवारा, एसडीएम तेंदूखेड़ा सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि राजस्व अधिकारी न्यायालय में आने वाले समस्त प्रकरणों को दर्ज कर उनकी सुनवाई करें। रिकॉर्डों का



दुरूस्तीकरण, नक्शा सुधार, नामांतरण जैसे अन्य प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। उन्होंने इसके बाद चिनकी- बौरास संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना, शक्कर पेंच सिंचाई योजना, मछरेवा सिंचाई परियोजना और शेर सिंचाई परियोजना की समीक्षा की। उक्त परियोजना के संबंध में अर्जित रकबा, सुनवाई, लंबित प्रकरण और आवार्ड पारित प्रकरणों का निपटारा समय पर करने को कहा। इसी प्रकार बैठक में लोक निर्माण विभाग की भौरझिर- कौठिया मार्ग, सूखा- काशीखैरी मार्ग के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने इसी प्रकार से भू- अर्जन के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। आयोजित बैठक में उन्होंने अनुभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# धुमधाम से मनाई गई महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को स्थानीय शंकर जी के मंदिर प्रांगण में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती धूमधाम से मनाई गई। बड़े पुल के समीप प्रजापति समाज द्वारा संचालित शंकर मंदिर परिसर में प्रजापति समाज के लोगों द्वारा राजा दक्ष प्रजापति की पूजन पंडित श्याम कृष्ण चैबे द्वारा विधि विधान से कराया गया। कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को समाज के अतिथि द्वारा सम्मान चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। समाज के ही 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्टों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भंडारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, गोटेगांव, सागर, बरमान कला, गाडरवारा से समाज के लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सागर से पधारे प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रजापति, प्रीति राज प्रजापति, सुनील प्रजापति प्रदेश सचिव, जिला अध्यक्ष बलराम प्रजापति, समाज के मुखिया संतोष प्रजापति, सरपंच कमलेश प्रजापति, सोनू प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, चिरौंजीलाल प्रजापति, रूप किशोर प्रजापति, अमित प्रजापति, गोलू प्रजापति, यशवंत प्रजापति ,चंदन प्रजापति, मनीष प्रजापति, भागचंद प्रजापति ,मदन प्रजापति, उमाशंकर प्रजापति, योगेश प्रजापति, धनु प्रजापति सहित बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के बंधु एकत्रित हुए।





### अखण्ड रामायण पाठ का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सावन माह में जिले में विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ बनी हुई है। भगवान की शिव की आराधना लोग में लीन है। इसी क्रम में शिव बापूधाम में सावन माह में प्रतिदिन भगवान श्री शिव का अभिषेक पूजन हो रहा है। साथ ही यहां पर 17 जुलाई से 108 अखंड रामायण पाठ का आयोजन प्रारंभ हो गया है। इसके अलावा यहां पर सुबह से लेकर देर शाम तक विविध कार्यक्रम हो रही हैं। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। जरूरतमंदों के लिए भंडारा भी चल रहा है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की दुकानों की जांच लिए सैंपल




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन नरसिंहपुर सारिका दुबे ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा चैपाटी स्थित लगभग 20 दुकानों का निरीक्षण किया। विभिन्न खाद्य पदार्थों के लगभग 65 नमूनों का मौके पर ही परीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों सारिका दुबे एवं श्रीमती कविता राठौर ने चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ नरसिंहपुर स्थित चाट- फुल्की, मिठाईयों, डोसा सेंटर, दूध डेयरी, नास्ते आदि की लगभग 20 दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दूध, दही, पनीर, मिठाई, मसाले, दाल, मीटी चटनी, जीरा पानी, धनिया, मिर्ची, मंगौड़ी तलने में प्रयुक्त हो रहे तेल आदि के लगभग 65 नमूनों का मौके पर ही परीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सामग्री ढंककर रखने एवं स्वच्छता पूर्वक विक्रय करने आदि के निर्देश दिये।

### छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।** बीते दिवस नशे से दूरी है बहुत जरूरी अभियान के तहत मध्य प्रदेश शासन के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, के मार्गदर्शन थाना गोटेगांव एस.डी.ओपी मनीष त्रिपाठी थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के द्वारा नशा मुक्ति जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है विगत दिवस मुरलीधर विद्यालय के डॉ. रंजीत दत्ता सभागार में एस आई जसवती कुड़ोपे ने छात्र-छात्राओं को नशे की बुराइयों से अवगत कराते हुए हर प्रकार के नशा चाहे वह गुटखा ही क्यों ना हो से दूर रहने की अपील की एवं उपस्थित छात्राओं को नशे से दूर रहने की सपथ दिलाई, उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पुलिस हेल्पलाइन के संबंध में नंबर एवं विस्तृत जानकारी बच्चों को दी। संस्था के सचिव बी डी सोनी ने छात्र-छात्राओं से हर प्रकार के नशे से दूर रहते हुए कहां की हमें नशा ही करना है तो अध्ययन का नशा करें अच्छे विचारों का नशा करें भक्ति का नशा करें, अच्छे अध्ययन से छात्र-छात्राएं अच्छे पदों पर पहुंच कर, अपने परिवार की जरूरत की पूर्ति के साथ ही देश,एव समाजकी सेवा कर सकते हैं। प्राचार्य शिव शंकर पाठक ने समस्त छात्र-छात्राओं से हर प्रकार के नशे से दूर रहते हुए अपने आसपास भी नशे की बुराइयों को बताते हुए जागरण करने की बात कही।



### सिंधी समाज का पावन पर्व, श्री साईं झूलेलाल चांलिंहां महोत्सव प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।** बीते दिवस नगर स्थित सिंधी कॉलोनी गुरुनानक वार्ड में बने सिंधी समाज के झूलेलाल मंदिर में बड़े ही धूमधाम से प्रारंभ हुआ, भगवान श्री झूलेलाल सांई का पावन पर्व श्री झूलेलाल चांलिंहां महोत्सव। चालीस दिनों तक चलेगा अखंड ज्योति महोत्सव श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में सुबह 10 बजे भगवान श्री झूलेलाल सांई की विधी विधान से पूजन अर्चन कर चालीस दिनों तक जलने वाली अखंड ज्योति को समाज के बड़े बुजुर्गों एवं युवाओं व महिलाओं एवं बेटियों द्वारा जोत प्रज्ज्वलित किया गया साथ ही समाज की उपस्थितजनों ने आयो लाल झूलेलाल के नारों के साथ भगवान श्री झूलेलालजी की आरती की गई। ईस चालीस दिनों के मेले में सभी सिंधी समाज पूजा अर्चना के साथ सुबह शाम अपने ईष्ट देव की आरती पल्लव कर श्री झूलेलाल सांई से आश्रीवाद प्राप्त करेंगे। सभी सिंधी समाज के द्वारा इस पर्व में जल के देवता श्री झूलेलाल भगवान एवं जल और ज्योति की अराधना पूजा की जाती है। उक्त मौके बड़ी संख्या में सिंधी समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



# गणित विज्ञान संकाय प्रारंभ होने पर जताया शिक्षा मंत्री का आभार

**तेंदूखेड़ा।** बच्चों की बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए शासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।इसी क्रम के चलते गत दिवस शाउमा विद्यालय डोभी प्राचार्य के द्वारा प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को शाला का एक मांग पत्र सौंपा गया था जिसमें शाला में भौतिक शास्त्र रसायन शास्त्र जीव विज्ञान एवं गणित संकाय प्रारंभ करने के लिए मांग रखी गई थी।जिसे शिक्षा मंत्री ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए अपनी स्वीकृति प्रदान की है। तथा तत्काल ही डीईओ एवं बीईओं को इस विषय को प्रारंभ करने विषय को पढ़ने के लिए शिक्षक अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने आदेशित भी कर दिया गया है। इस स्वीकृति से अब नवीन शैक्षणिक सत्र 2025 26 में शाला में गणित एवं विज्ञान संकाय संचालित हो सकेंगे। विषयों के प्रारंभ हो जाने से बच्चों को अन्यत्र स्कूलों में जाकर अपने रुचि के विषय पढ़ने पढ़ते थे।अब उससे निजात मिलेगी। शिक्षा मंत्री की इस पहल तथा शाला की इस गौरवशाली उपलब्धि पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों के द्वारा शिक्षा मंत्री का आभार जताया गया है। हमारे प्रतिनिधि को संस्था प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि इन संकाय के विषयों के प्रारंभ होने से अब हमारी शाला में बच्चों के एडमिशन होना भी प्रारंभ हो गए हैं जिसे शीघ्र ही शिक्षा की बेहतर व्यवस्था के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इन सभी विषयों को पढ़ने के लिए शिक्षक भी उपलब्ध होने जा रहे हैं।




# भक्ति भाव से अर्पित किए सिंहासन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस परम पूज्य आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका सिद्धांत मति जी पुनीत मति जी विनयमति जी ससंघ के सानिध्य में श्री चंद्रप्रभु नवीन दिगंबर जैन मंदिर में समस्त श्री जी को सिंहासन पर विराजमान किया गया ।पूज्य आर्यिका माँ सिद्धांत मति माताजी जी ने सिन्हासन के महत्व को वर्णित करते हुए बताया की जो व्यक्ति भगवान को सिन्हासन पर विराज मान करते है उनका यश चारो दिशाओ मे फैलता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे माताए बहिने श्रद्धालू जन उपस्थित रहे। मुख्य पात्र चयन बोलियो के माध्यम से किया गया जिसमे डॉ शचीन्द्र मोदी आशुतोष मोदी अमिताभ मोदी वीरेंद्र मोदी अनुराग अंकित मोदी सुनील मोदी नवीन श्रीकांत सिद्धार्थ नयन मोदी डॉ धर्मचंद्र पियूष प्रियंक आदिश आरव अर्घ विमल कुमार स्वेता जैन भोपाल ने मुख्यबोली कर्ता के रूप मे श्री जी को सिंहासन पर विराजमान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। तत्पश्चात पूजन अभिषेक किया गया विदित रहे की आचार्य श्रीसमय सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका सिद्धांत मति जी का चातुर्मास तेंदूखेड़ा जैन समाज को प्राप्त हुआ है उनके सानिध्य मे प्रतिदिन पूजन अर्चन विधान से सभी श्रद्धालू धर्म लाभ प्राप्त कर रहे है।

